बी०सी०सी०एल० के उत्पादों का विपणन

740. **श्री विश्वासराव रामराव पाटिल:**

क्या **ऊर्जा** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) भारत कोकिंग कोल लि. द्वारा अपने उत्पादों के विपणन हेतु अपनाई जाने वाली प्रक्रिया का ब्यौरा क्या है ; और

(ख) कोयले की जमाखोरी को रोकने के लिए क्या कदम उठाए गए हैं.

ऊर्जा मंत्री साथ में नागर विमाननमंत्रालय का अतिरिक्त प्रभार (श्री आरिफ मोहम्मद खान) : कोकिंग कोल लि० के कुल कोयला उत्पादन में से 85 प्रतिशत कोयले की आपूर्ति इस्पात संयंत्रों, वाशरियों, विद्युत गृहों, सीमेंट संयंत्रों आदि जैसे महत्वपूर्ण क्षेत्र को निम्नलिखित आधार पर की जाती है :—

(1) कोककर कोयले की धातुकर्मी प्रयोजन के लिए आपूर्ति पर नियंत्रण कोयले नियंत्रक द्वारा किया जाता है, जोकि विभिन्न इस्पात संयंत्रों को ऐसे कोयले की वास्तविक मात्रा में सीधे अथवा वाशरियों के माध्यम से भेजे जाने आदि के संबंध में निर्णय लेता है।

(2) विद्युत गृहों तथा सीमेंट संयंत्रों के मामले में कोयला विभाग में एक स्थायी संयोजन समिति कार्यरत है और उक्त समिति में विद्युत विभाग, रेलवे मंत्रालय, योजना आयोग, कार्यक्रम कार्यान्वयन मंत्रालय, केन्द्रीय विद्युत प्राधिकरण तथा कोयला कंपनियों के प्रतिनिधि शामिल है, जोकि कोयले का आवंटन किए जाने के संबंध में निर्णय लेती है।

गैर-महत्वपूर्ण क्षेत्रों को निम्नलिखित योजनाओं के अंतर्गत कोयले की बिक्री की जाती है :—

(1) संयोजित उपभोक्ता :

कोयले की आपूर्ति संयोजित उपभोक्ताओं को, जैसे उद्योगों/एस०एस० आई० एककों/निजी कोकरियों को गैर-महत्वपूर्ण क्षेत्रों की संयोजन समिति द्वारा स्वीकृत संयोजनों तथा राज्य सरकारों, वस्त्र आयुक्त, जूट आयुक्त, महनिदेशक तकनीकी विकास (डी०जी०टी०डी०) आदि से प्राप्त प्रायोजनों के आधार पर की जाती है।

(2) गैर-संयोजित उपभोक्ता :

अन्य उपभोक्ताओं जैसे ईंट-भट्टा उद्योगों को नियमित रूप से कोई संयोजन प्रदान नहीं किया जाता है, किन्तु उन्हें कोयले की आपूर्ति प्राप्त प्रायोजनों के आधार पर की जाती है। साफ्ट कोक की घरेलू उपयोग के लिए आपूर्ति भी विभिन्न राज्य सरकारों द्वारा जारी प्रायोजनों के आधार पर की जाती है।

(3) उदारीकृत बिक्री योजना :

इस योजना के अंतर्गत, इस उद्देश्य से समय-समय पर विनिर्दिष्ट की गई कोलियरियों, जहां भंडार के धीमी संचलन के कारण काफी मात्रा में कोयला एकत्रित हो जाता है, इसे खुली बिक्री की व्यवस्था की जाती है जहां से कोई भी खरीददार बिना किसी दस्तावेज प्रस्तुत किए एक बार में 500 टन तक कोयला प्राप्त कर सकता है।

(4) थोक बिक्री योजना :

इस योजना के अंतर्गत, धीमी गति से संचालित भारी मात्रा में एकत्रित कोयला भंडार, जो इस उद्देश्य से विनिर्दिष्ट किया गया है, को कम किए जाने के लिए निविदा आमंत्रित कर बड़ी मात्रा में बिक्री के लिए उपलब्ध किया जाता है।

बी० पी० हार्ड कोक की आपूर्ति संयोजनों के अनुसार की जाती है। बी० एच० हार्ड कोक की बिक्री प्रायोजन तथा खुली बिक्री के माध्यम से की जाती है।

(ख) खान मुहानों पर कोयले को एकत्रित होने से रोकने के लिए किए जा रहे प्रयासों में उपभोक्ताओं को रेल तथा सड़क द्वारा कोयले के प्रेषण में वृद्धि किए जाने संबंधी प्रयास शामिल हैं। ऐसी कोलियरियों जहां कोयले का भंडार काफी एकत्रित हो गया है, में "खुली बिक्री" की व्यवस्था की गई है और अबल भंडारों का निविदा आमंत्रित करके बड़ी मात्रा में बिक्री की जाती है। जहां तक वास्तविक उपभोक्ताओं अथवा उनके प्रतिनिधियों का संबंध है, उनके द्वारा कोयले की जमाखोरी किए जाने के संबंध में कोई साक्ष्य उपलब्ध नहीं है।

इंडियन एयरलाइंस द्वारा भूतपूर्व सैनिकों की नियुक्ति

741. श्री विश्वासराव रामराव पाटिल: क्या नागर विमानन मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) पिछले तीन वर्षों के दौरान इंडियन एयरलाइन्स व ट्रेफिक सहायक, प्रचालन सहायक, कार्यालय सहायक और अन्य लिपिकीय संवर्गों में संवर्ग चार के कितने-कितने भूतपूर्व सैनिकों की नियुक्ति की है ; और

(ख) भूतपूर्व सैनिकों के लिए आरक्षित कितने पद अभी भी रिक्त पड़े हुए हैं तथा सरकार इन पदों को कब तक भरने का विचार रखती है ?

ऊर्जा मंत्री साथ में नागर विमानन मंत्रालय का अतिरिक्त प्रभार (श्री आरिफ़ मोहम्मद खान) : (क) पिछले तीन वर्षों में इंडियन एयरलाइन्स में निम्नलिखित श्रेणीवार विभिन्न लिपिकीय संवर्गों में भर्ती किये गये भूतपूर्व सैनिकों की संख्या इस प्रकार है :

श्रेणी	भर्ती किये भूतपूर्व सैनिकों की संख्या
सुरक्षा सहायक	14
यातायात सहायक	2
कार्यालय सहायक	84
लेखा सहायक	2
भंडार और आपूर्ति सहायक	2
कुल :	104

(ख) इंडियन एयरलाइन्स में भूतपूर्व सैनिकों के लिए 61 रिक्तियां आरक्षित हैं। उम्मीदवारों को पात्रता/उपयुक्तता के आधार पर इन्हें भरने के लिए कार्रवाई की जा रही है।

Rural electrification in Andhra Pradesh

742. SHRI TALARI MANOHAR; Will the Minister of ENERGY be pleased to state the target of rural electrification in Andhra Pradesh and how many villages in the State are likely to be provided with electricity during the year 1990-91?

THE MINISTER OF ENERGY WITH ADDITIONAL CHARGE OF THE MINISTRY OF CIVIL AVIATION (SHRI ARIF MOHD. KHAN): As per available information the State of Andhra Pradesh has achieved cent percent electrification of villages as per 1981 Census by the end of March, 1990. However, 250 villages have been targetted for conversion from Solar Photovoltic Panels to electrification from the Conventional Grid during 1990-91.

Opening of primary health centres

743. SHRI TLARI MANOHAR; Will the Minister of HEALTH AND FAMILY WELFARE be pleased to state the number of primary health Centres proposed to be opened in the country during the current year. State-wise?